मूल हिंदी में

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1263
08.12.2025 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना

1263. श्री इमरान मसूद :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के अंतर्गत सहारनपुर में पांवधोई नदी पर कार्य चल रहा है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या पांवधोई नदी में सीवेज के प्रवाह को रोका गया है; और
(ग) यदि हाँ, तो उक्त कार्य कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ग): राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एन.एम.सी.जी.) के द्वारा सूचित किया गया है कि जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत एन.एम.सी.जी. ने 'नमामि गंगे' कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में 15 वर्षों के संचालन एवं अनुरक्षण (ओ एंड एम) सहित सहारनपुर सीवरेज योजना (इंटरसेप्शन एवं डायवर्ज़न तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट कार्य) को अनुमोदित किया है। अक्टूबर 2027 में पूर्ण होने की समयसीमा वाली इस परियोजना के क्षेत्र में अन्य बातों के साथ-साथ, पांवधोई नदी में गिरने वाले नालों के इंटरसेप्शन की व्यवस्था तथा उन्हें प्रस्तावित 135 एम.एल.डी. सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस.टी.पी.) की ओर मोड़े जाने का प्रावधान सम्मिलित है।

*****